# खण्ड - छः
# छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल

## 1. प्रस्तावना :-

प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राज्य के सर्वोच्च संगठन होने के नाते छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार के लिये विभिन्न कार्यक्रमों की योजना और उसके निष्पादन हेतु प्रयासरत है। मण्डल पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार के लिये उच्च टैक्नॉलाजी और बेहतर प्रबंधन को विकसित करने और कार्यान्वित करने हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य में जल स्त्रोतों एवं वायु गुणवत्ता पर सतत् निगरानी रखना एवं उसको स्वच्छ बनाये रखना बोर्ड का मुख्य उद्देश्य है। औद्योगिक ईकाईयों से उत्सर्जन और प्रदूषण की ऑनलाईन निगरानी/उच्च प्रदूषणकारी उद्योगों को 17 प्रकार की श्रेणीयों में बांटा जाना एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने एवं प्रशासन में पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## 2. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल का गठन :-

राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल का गठन पर्यावरण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के आदेश दिनांक 25 जुलाई 2001 के द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 4 के तहत किया गया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निम्नलिखित अधिनियमों/नियमों में प्रदत्त दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है:-

1. जल (प्रदूषण, निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974
2. वायु (प्रदूषण, निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981
3. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
4. परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमा पार संचलन) नियम, 2016
5. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016
6. जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016
7. निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट नियम, 2016
8. ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016
9. अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016
10. फ्लाई ऐश के उपयोग पर जारी अधिसूचना सितम्बर, 1999
11. बैटरी (प्रबंधन एवं हथालन) नियम, 2001
12. ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006

## 3. संगठनात्मक संरचना :-

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल का मुख्यालय नया रायपुर में स्थित है, तथा इसके अधीनस्थ सात क्षेत्रीय कार्यालय कमशः रायपुर, भिलाई–दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अम्बिकापुर, जगदलपुर में स्थित है। क्षेत्रीय कार्यालयों का क्षेत्राधिकार निम्नानुसार है :–

तालिका-1

| क. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | जिले का नाम |
|---|---|---|
| 1 | रायपुर | रायपुर, महासमुंद, धमतरी, बलौदा बाजार, गरियाबंद |
| 2 | भिलाई–दुर्ग | दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ–छुईखदान–गंडई, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी |
| 3 | बिलासपुर | बिलासपुर, जांजगीर–चांपा, मुंगेली, जी.पी.एम., सक्ती, सारंगढ़–बिलाईगढ़ |
| 4 | कोरबा | कोरबा |
| 5 | रायगढ़ | रायगढ़, जशपुर |
| 6 | अम्बिकापुर | अम्बिकापुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर |
| 7 | जगदलपुर | जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर बीजापुर, कोण्डागांव, सुकमा |

## 4. मंडल के मुख्य कार्यकलाप

(1) जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अंतर्गत उद्योगों एवं संस्थाओं को कमशः जल एवं वायु सम्मति प्रदान करना।

(2) राज्य में स्थित प्रदूषणकारी उद्योगों में जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्था करवाना एवं प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाओं के संचालन पर निगरानी रखना।

(3) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अतंर्गत बनाये गए विभिन्न नियमों यथा खतरनाक अपशिष्ठ (प्रबंधन, हथालन और सीमा पार संचालन) नियम, 2008, नगरीय ठोस अपशिष्ठ (प्रबंधन एवं हस्तन) नियम, 2000, जीव चिकित्सा अपशिष्ठ (प्रबंधन एवं हस्तन) नियम, 1998, अपशिष्ट प्लास्टिक (प्रबंधन और प्रहस्तन) नियम 2011, फ्लाई ऐश के उपयोग पर जारी अधिसूचना सितम्बर, 1999, बैटरी (प्रबंधन एवं हथालन) नियम, 2001 एवं ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 आदि के प्रावधानों का पालन कराना।

## 5. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा सम्पादित कार्य :-

### 5.1 जल एवं वायु सम्मति

(अ) मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अंतर्गत उद्योगों एवं संस्थाओं को कमशः जल एवं वायु सम्मति प्रदान की जाती है। 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक मंडल को सम्मति शुल्क के रूप में रू 1637/– लाख तथा नवीनीकरण शुल्क के रूप में रू 3390/– लाख प्राप्त हुए।

(ब) राज्य में स्थित प्रदूषणकारी उद्योगों में जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्था करवाना एवं प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाओं के संचालन पर निगरानी रखना।

## तालिका-2

## दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक उद्योगों को जारी की गई, सम्मति/सम्मति नवीनीकरण की संख्या

| क्र. | कार्यालय का नाम | स्थापना/संचालन सम्मति | | नवीनीकरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर | स्थापना – 94<br>संचालन – 58 | } 152 | 229 |
| 2 | क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर | 473 | | 400 |
| 3 | क्षेत्रीय कार्यालय, भिलाई–दुर्ग | 180 | | 278 |
| 4 | क्षेत्रीय कार्यालय, बिलासपुर | 122 | | 185 |
| 5 | क्षेत्रीय कार्यालय, कोरबा | 62 | | 58 |
| 6 | क्षेत्रीय कार्यालय, रायगढ़ | 99 | | 101 |
| 7 | क्षेत्रीय कार्यालय, अम्बिकापुर | 122 | | 95 |
| 8 | क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर | 62 | | 93 |
| | कुल | **1,272** | | **1,439** |

## तालिका-3

## दिनांक 31 दिसम्बर 2022 तक क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले लघु, मध्य/बड़े उद्योगों की संख्या

| क्र. | कार्यालय का नाम | लघु उद्योग | मध्यम/बड़े उद्योग |
|---|---|---|---|
| 1 | क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर | 3741 | 185 |
| 2 | क्षेत्रीय कार्यालय, भिलाई–दुर्ग | 2296 | 88 |
| 3 | क्षेत्रीय कार्यालय, बिलासपुर | 1233 | 62 |
| 4 | क्षेत्रीय कार्यालय, कोरबा | 211 | 51 |
| 5 | क्षेत्रीय कार्यालय, रायगढ़ | 737 | 75 |
| 6 | क्षेत्रीय कार्यालय, अम्बिकापुर | 808 | 33 |
| 7 | क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर | 423 | 17 |
| | कुल | **9,449** | **511** |

## 5.2 जल गुणवत्ता मॉनिटरिंग कार्यक्रम

(अ) **भारतीय राष्ट्रीय जल संसाधन प्रबोधन कार्यक्रम (मीनार्स)** :- इसके अंतर्गत प्रमुख प्राकृतिक जल स्त्रोतों की गुणवत्ता पर निगरानी रखी जाती है। इस कार्यक्रम में प्रदेश की मुख्य नदियाँ– महानदी, शिवनाथ, खारून, अरपा, हसदेव, केलो, शंखनी–डंकनी, मांड, इंद्रावती नदियाँ शामिल हैं। यह योजना केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आर्थिक सहयोग से संचालित है। इस योजना के अंतर्गत दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार निम्नानुसार नमूनें एकत्रित कर विश्लेषित किये गये :–

तालिका -4

| क्र. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | नमूनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग–भिलाई | 99 |
| 2. | क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर | 84 |
| 3. | क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर | 12 |
| 4. | क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा | 70 |
| 5. | क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर | 77 |
| 6. | क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ | 36 |
| | कुल | **378** |

(ब) **अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों की मॉनिटरिंग** :- मीनार्स कार्यक्रम के अतिरिक्त बोर्ड द्वारा स्वयं के वित्तीय व्यय से सभी प्रमुख नदियों तथा उनकी सहायक नदियों एवं मुख्य झीलों, बांधों तथा तालाबों के जल गुणवत्ता की मॉनिटरिंग की जाती है। दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार निम्नानुसार नमूनें एकत्रित कर विश्लेषित किये गये :–

तालिका -5

| क्र. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | नमूनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग–भिलाई | 204 |
| 2. | क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर | 136 |
| 3. | क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर | 112 |
| 4. | क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा | 242 |
| 5. | क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर | 306 |
| 6. | क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ | 65 |
| 7. | क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर | 137 |
| | कुल | **1202** |

(स) **औद्योगिक दूषित जल स्त्रोतों की मॉनिटरिंग** :- उद्योगों से उत्पन्न दूषित जल की गुणवत्ता मॉनिटरिंग का कार्य किया जाता है। मॉनिटरिंग परिणामों के आधार पर उद्योगों पर कार्यवाही की जाती है। दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार निम्नानुसार नमूनें एकत्रित कर विश्लेषित किये गये :–

तालिका-6

| क्र. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | नमूनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग–भिलाई | 267 |
| 2. | क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर | 31 |
| 3. | क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर | 37 |
| 4. | क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा | 120 |
| 5. | क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर | 138 |
| 6. | क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ | 08 |
| 7. | क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर | 97 |
| | **कुल** | **698** |

## 5.3 वायु गुणवत्ता मॉनिटरिंग कार्यक्रम

(अ) **राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम (NAQM)**:- इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के चार प्रमुख शहरों रायपुर, कोरबा, बिलासपुर एवं दुर्ग–भिलाई में परिवेशीय वायु मॉनिटरिंग की जाती है। मॉनिटरिंग में आवासीय, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक स्थान सम्मिलित हैं। मॉनिटरिंग में सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मेटर (एस.पी.एम.), रेस्परेबल सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मेटर (आर.एस.पी.एम.), सल्फर डाई–आक्साइड व नाइट्रोजन के ऑक्साइड्स की मॉनिटरिंग की जाती है। दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार विश्लेषित नमूनों की संख्या निम्नानुसार है :–

तालिका-7

| क्र. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | एस.पी.एम. | आर.एस.पी.एम. | सल्फर डाई ऑक्साइड | नाइट्रोजन ऑक्साइड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई –दुर्ग | 318 | 954 | 1908 | 1908 |
| 2. | क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर | 154 | 197 | 394 | 394 |
| 3. | क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा | 407 | 1108 | 2216 | 2216 |
| 4. | क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर | 86 | 215 | 425 | 425 |
| 5. | क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ | 274 | – | – | – |
| | **कुल** | **1,239** | **2,474** | **4,943** | **4,943** |

(ब) **उद्योगों की चिमनियों के उत्सर्जन एवं परिवेशीय वायु गुणवत्ता की मॉनिटरिंग** :- औद्योगिक गतिविधियों के फलस्वरूप वायु प्रदूषण की स्थिति पर सतत् निगरानी रखने हेतु उद्योगों की चिमनियों से होने वाले उत्सर्जन एवं परिवेशीय वायु गुणवत्ता की मॉनिटरिंग की जाती है। दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार उद्योगों की चिमनियों एवं परिवेशीय वायु के निम्नानुसार नमूने एकत्रित कर विश्लेषित किये गये :–

तालिका -8

| क्र. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | स्टेक मॉनिटरिंग की संख्या | एंबीएन्ट एयर मॉनीटरिंग की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई –दुर्ग | 185 | 449 |
| 2. | क्षेत्रीय कार्यालय, बिलासपुर | 20 | 235 |
| 3. | क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर | – | 178 |
| 4. | क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर | – | 191 |
| 5. | क्षेत्रीय कार्यालय, कोरबा | 185 | 93 |
| 6. | क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर | 174 | 145 |
| 7. | क्षेत्रीय कार्यालय, रायगढ़ | 39 | 137 |
| | कुल | 603 | 1,428 |

## 5.4 भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए.नोटिफिकेशन 2006 के अंतर्गत की गई लोक सुनवाई :-

(अ) दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक की अवधि में सम्पन्न लोक सुनवाई की संख्या :- 62

तालिका -9

| क्र. | कार्यालय का नाम | भारत शासन को भेजे गये प्रकरणों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल | 31 |

## 5.5 उल्लंघनकारी उद्योगों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक की अवधि में जारी नोटिस एवं दिनांक 1 जनवरी निर्देशों का विवरण निम्नानुसार है :–

तालिका -10

| क्र. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | नोटिस | विद्युत विच्छेद/उत्पादन बंद करने के निर्देश |
|---|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर | 74 | 102 |
| 2. | क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग–भिलाई | 26 | 20 |
| 3. | क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ | 35 | 19 |
| 4 | क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा | 06 | 10 |
| 5. | क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर | 48 | 144 |
| 6. | क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर | 09 | 71 |
| 7. | क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर | 08 | 270 |
| | कुल | 206 | 636 |

**6. न्यायालयीन कार्यवाही :-**

क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार मान. उच्चतम न्यायालय, मान. उच्च न्यायालय एवं मान. एन.जी.टी. में विचाराधीन प्रकरणों का विवरण निम्नानुसार है :–

तालिका -11

| क्र. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | मान. उच्चतम न्यायालय | मान. उच्च न्यायालय | मान. एन.जी.टी. | जिला न्यायालय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर | – | 30 | 01 | 06 |
| 02 | क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई–दुर्ग | 01 | 21 | – | 34 |
| 03 | क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ | 09 | 06 | 02 | – |
| 04 | क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा | – | – | – | – |
| 05 | क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर | – | 20 | 01 | 24 |
| 06 | क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर | 01 | 08 | 02 | 03 |
| 07 | क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर | 02 | 03 | 01 | 01 |
| **कुल** | | **13** | **88** | **7** | **68** |

क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार जिला न्यायालयों में दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 में दायर प्रकरणों की संख्या (जल, वायु एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम में) का विवरण निम्नानुसार है :–

तालिका -12

| क्र. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | जिला न्यायालयों में इस वर्ष दायर प्रकरणों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर | – |
| 02 | क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई–दुर्ग | 04 |
| 03 | क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ | – |
| 04 | क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा | – |
| 05 | क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर | – |
| 06 | क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर | – |
| 07 | क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर | – |
| **कुल** | | **04** |

**7. परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमा पार संचलन) नियम, 2016**

इस नियम के अंतर्गत दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक की अवधि में जारी प्राधिकार एवं नवीनीकरण :–

1. प्राधिकार – 77
2. नवीनीकरण – 41

## 8. जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016

इस नियम के अंतर्गत दिनांक 1 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक की अवधि में जारी प्राधिकार एवं नवीनीकरण :–

1. प्राधिकार – 865
2. नवीनीकरण – 381

## 9. ध्वनि स्तर मापन :-

मंडल द्वारा दीपावली के पूर्व एवं दीपावली के दिन ध्वनि स्तर मापन का कार्य किया जाता है जिससे कि दीपावली पर्व के दौरान शहरों में ध्वनि का स्तर कितना है यह ज्ञात हो सके। इस वर्ष मंडल के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा ध्वनि स्तर मापन की संख्या कुल 276 है।

## 10. ऑनलाईन कन्टीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशनः-

मंडल के प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश के विभिन्न प्रमुख उद्योगों द्वारा रायपुर, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर जगदलपुर, एवं भिलाई में कुल 146 ऑनलाईन कन्टीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित किये गये हैं। इन उपकरणों द्वारा सतत् रूप में एस.पी.एम., आर.एस.पी.एम., एस.ओ.टू. एवं एन.ओ.एक्स. की स्थिति लगातार ज्ञात होकर दर्शित होती है।

## 11. 17 प्रकार के प्रदूषणकारी उद्योगों में ऑनलाईन कन्टीन्यूअस स्टेक एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित।

मंडल में 17 प्रकार के अतिप्रदूषणकारी उद्योग जिनमें केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार ऑनलाईन कन्टीन्यूअस स्टेक एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया जाना अनिवार्य था, में आने वाले सभी उद्योगों में उक्त सिस्टम स्थापित कर लिया गया है। प्रदेश में ऐसे उद्योगों की संख्या 163 है।

## 12. वृक्षारोपण बाबत् जानकारी (वर्ष 2022 में किये गये वृक्षारोपण की जानकारी) :-

तालिका -13

| क्रं. | क्षेत्रीय कार्यालय का नाम | वृक्षारोपण की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर | 1,94,522 |
| 02 | क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर | 2,28,500 |
| 03 | क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ | 3,09,565 |
| 04 | क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा | 4,88,159 |
| 05 | क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई–दुर्ग | 77,925 |
| 06 | क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर | 3,03,063 |
| 07 | क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर | 54,398 |
| | कुल | 16,56,132 |

## 13. नेशनल ग्रीन कोर कार्यक्रम के तहत ईको-क्लब का गठन।

स्कूली बच्चों में पर्यावरणीय जागरूकता हेतु राज्य के लगभग 6750 स्कूलों में इको क्लब गठित किया गया है। इसी प्रकार राज्य के 100 महाविद्यालयों में भी ईको–क्लब गठित किये गये हैं। प्रदेश में लगभग 7 लाख स्कूली इस कार्यक्रम से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे हैं।









**14. जन जागरूकता अभियान :-**

**41.1 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता, संगोष्ठी एवं साईकिल रैली आयोजन।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मण्डल द्वारा 4 जून, 2022 को नवीन विश्राम गृह, सिविल लाईन, रायपुर में विद्यालयीन व महाविद्यालयीन स्तर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मण्डल द्वारा तीन आयु वर्गों में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये गये। पर्यावरण दिवस के इस अवसर पर 5 जून, 2022 को साईकिल रैली जिसका नाम ''पैडल यात्री : रेसिंग टुवर्डस् अ ग्रीनर फ्यूचर'' दिया गया का आयोजन किया गया यह रैली मरीनड्राईव से प्रारंभ होकर गांधी उद्यान, जयस्तंभ चौक, आजाद चौक, अनुपम गार्डन होते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम परिसर में समाप्त की गई। रैली में लगभग 350 स्कूलीं एवं अन्य लोगों ने भाग लिया। साथ ही इस वर्ष की थीम ''पृथ्वी अनमोल है : प्रकृति संग संतुलन बनायें'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।





**14.2 16 सितम्बर अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन।**

अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं की Montreal Protocol@35 : Global Cooperation Protecting Life on Earth अर्थात् मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के 35 वर्ष – पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिये वैश्विक सहयोग विषय पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 सितम्बर, 2022 को नवीन विश्राम गृह, सिविल लाइंस रायपुर में किया गया। मण्डल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के लगभग 450 स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।











**14.3 दिनांक 23 एवं 24 अगस्त 2022 ईको क्लब के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम।**

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा राज्य के ईको क्लब के मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 23 एवं 24 अगस्त 2022 को न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाईंस, रायपुर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के 114 मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दिनांक 24 अगस्त मास्टर ट्रेनर्स को रायपुर स्थित साईंस सेंटर का भ्रमण कराया गया, जिसमें उन्होनें साईंस के विभिन्न मॉडल तथा तारामण्डल का लाइव प्रस्तुतीकरण देखा तथा उसके अनुप्रयोग के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण प्राप्त किए सभी मास्टर ट्रेनर्स को छत्तीसगढ़ राज्य नोडल ऐजेंसी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं कार्ययोजना अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया गया।







**15 राज्य स्तरीय इको बाल मेले एवं सर्वश्रेष्ठ इको क्लब चयन प्रतियोगिता दिनांक 11 एवं 12 अक्टूबर, 2022**

स्कूली बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रेरित करने के लिये छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिनांक 11 एवं 12 अक्टूबर इको बाल मेले एवं सर्वश्रेष्ठ इको क्लब चयन प्रतियोगिता अग्रसेन धाम व्ही.आई.पी. रोड रायपुर में आयोजित किया गया। राज्य भर से जुटे इको क्लब के बच्चों को पर्यावरणीय शिक्षा के साथ ही उनके मध्य भाषण, रचनात्मक लेखन, ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में शामिल प्रत्येक स्कूल द्वारा पर्यावरणीय विषयों एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गये जन–जागरूकता अभियानों पर प्रदर्शनी लगायी गई। मण्डल द्वारा सर्वश्रेष्ठ इको क्लब को प्रथम पुरस्कार के रूप में रूपये पंद्रह हजार, द्वितीय पुरस्कार रूपये दस हजार, तृतीय पुरस्कार रूपये सात हजार एवं पांच सांत्वना पुरस्कार व ट्रॉफी एवं मेले में आये समस्त मास्टर ट्रेनर्स को एवं बच्चों को एक–एक बैग, पेन, नोटबुक एवं प्रमाण–पत्र प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग महाविद्यालय के बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ राजगीत एवं पर्यावरण गीत, रामकृष्ण आश्रम, नारायणपुर के बच्चों द्वारा गेडी नृत्य तथा डूमरतराई स्कूल के बच्चों द्वारा बैंड की प्रस्तुती की गई।






राज्य स्तरीय ईको बाल मेला
ईको क्लब चयन प्रतियोगिता
एवं 12 अक्टूबर 2022



## 16 राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव पर प्रदर्शनी का आयोजन।

**रायपुर** : साईंस कॉलेज मैदान में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव, 2022 में दिनांक 01 नवम्बर से 05 नवम्बर, 2022 तक छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल ने विभागीय गतिविधियों, उल्लेखनीय कार्यों एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध पर विस्तृत जन–जागरूकता से संबंधित प्रदर्शनी लगायी गई। आवास एवं पर्यावरण विभाग की प्रदर्शनी में मण्डल के स्टॉल को छ.ग. शासन द्वारा विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।










छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

Certificate

राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित राज्योत्सव–2022 में दिनांक 01 से 03 नवम्बर, 2022 में आवास-पर्यावरण द्वारा लगाये गये विभागीय पंडाल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार से साईन्स कॉलेज मेला स्थल रायपुर (छत्तीसगढ़) में सम्मानित किया जाता है।

On the occasion of state foundation day Environment pavilion has been adjudged Special Prize for Excellence Display of Government Stall in Rajyotsav, 2022 held on 1st to 3rd November, 2022 at Science College, Mela Ground Raipur (C.G.)

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव NATIONAL TRIBAL DANCE FESTIVAL
रायपुर-छत्तीसगढ़ RAIPUR-CHHATTISGARH
01,02,03 NOVEMBER 2022

Vivek Acharya, I.F.S.
Director
Culture & Archaeology
Gov. of Chhattisgarh

Anbalagan P. I.A.S.
Secretary, Culture
Gov. of Chhattisgarh

## 15. बोर्ड की वित्तीय स्थिति :-

वर्तमान में बोर्ड की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार है:–

तालिका -14

| अवधि | सम्मति शुल्क रू. लाख में | नवीनीकरण शुल्क रू. लाख में |
|---|---|---|
| दिनांक 01 जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 | 1637 | 3390 |

# छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में कुल स्वीकृत, कार्यरत् एवं रिक्त पदों की जानकारी

| क्र. | पदनाम | कुल स्वीकृत पद | भरे पद | रिक्त पद | वेतन लेबल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | मु. अभियंता | 01 | 00 | 00 | लेबल – 16 |
| 2. | अति. मु. अभियंता | 02 | 03<br>(01 अति.मु. अभियंता को मुख्य अभियंता का प्रभार दिया गया है) | 00 | लेबल – 15 |
| 3. | अधीक्षण अभियंता | 07 | 06 | 01 | लेबल – 14 |
| 4. | वरि. वैज्ञानिक अधिकारी | 03 | 03 | 00 | लेबल – 14 |
| 5. | कार्यपालन अभियंता | 09 | 00 | 09 | लेबल – 13 |
| 6. | मुख्य रसायनज्ञ | 07 | 02 | 05 | लेबल – 13 |
| 7. | जनसंपर्क अधिकारी | 01 | 01 | 00 | लेबल – 13 |
| 8. | विधि अधिकारी | 01 | 00 | 01 | लेबल – 13 |
| 9. | वैज्ञानिक | 21 | 05 | 16 | लेबल – 12 |
| 10. | सहा.जनसंपर्क अधिकारी | 01 | 00 | 01 | लेबल – 12 |
| 11. | स्टाफ ऑफिसर | 01 | 01 | 00 | लेबल – 12 |
| 12. | सहायक अभियंता | 20 | 16 | 04 | लेबल – 12 |
| 13. | सहायक विधि अधिकारी | 02 | 02 | 00 | लेबल – 12 |
| 14. | अनुभाग अधिकारी (बी) | 03 | 02 (01 संविदा) | 01 | लेबल – 10 |
| 15. | कनिष्ठ वैज्ञानिक | 15 | 06 | 09 | लेबल – 10 |
| 16. | स्टेनोग्राफर ग्रेड–1 | 01 | 00 | 01 | लेबल – 10 |
| 17. | स्टेनोग्राफर ग्रेड–2 | 02 | 00 | 02 | लेबल – 09 |
| 18. | वरिष्ठ लेखापाल (बी) | 06 | 05 | 01 | लेबल – 09 |
| 19. | सहायक प्रोग्रामर | 01 | 01 | 00 | लेबल – 09 |
| 20. | उप अभियंता | 01 | 01 | 00 | लेबल – 08 |
| 21. | रसायनज्ञ | 20 | 09 | 11 | लेबल – 08 |
| 22. | लेखापाल | 14 | 08 | 06 | लेबल – 08 |
| 23. | विधि सहायक | 01 | 00 | 01 | लेबल – 08 |
| 24. | स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 | 02 | 00 | 02 | लेबल – 07 |
| 25. | प्रयोगशाला सहा. ग्रेड–1 | 15 | 07 | 08 | लेबल – 06 |
| 26. | सहायक ग्रेड–2 | 20 | 06 | 14 | लेबल – 06 |
| 27. | प्रयोगशाला सहा. ग्रेड–2 | 20 | 07 | 13 | लेबल – 04 |
| 28. | सहायक ग्रेड–3 | 40 | 27 | 13 | लेबल – 04 |
| 29. | वाहन चालक | 24 | 05 | 19 | लेबल – 04 |
| 30. | प्रयोगशाला परिचारक | 20 | 03 | 17 | लेबल – 03 |
| 31. | दफ्तरी | 12 | 00 | 12 | लेबल – 02 |
| 32. | भृत्य | 35 | 05 | 30 | लेबल – 01 |
| | कुल | 328 | 131 | 197 | |